तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 जनवरी 2024



14 विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति ...



13 जिले के सुदूर ग्रामीण अंचलों पर भी है कलेक्टर....






## खबर संक्षेप



### चूना पत्थर व रेत का अवैध परिवहन करते पांच हाईवा जब्त

**अंडा।** खनिज संसाधन का अवैध परिवहन करते हुए दुर्ग खनिज विभाग ने 5 हाईवा चालकों पर कार्रवाई की है। दुर्ग कलेक्टर के निर्देश पर खनिज निरीक्षक श्री बंजारे की टीम सुबह से ही अंडा सहित आसपास क्षेत्र में हाईवा को रोककर जांच कर रही थी। इस दौरान पांच हाईवा पर कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार इनमें से तीन में चूना पत्थर तथा दो हाईवा में रेत का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। सभी गाड़ियों को अंडा थाना के सुपुर्द किया गया है।

### चार दिवसीय पुलगांव लोक महोत्सव कल से

**अंडा।** नवयुग दुर्गा समिति एवं वार्ड वासी पुलगांव के सहयोग से चार दिवसीय लोक महोत्सव का आयोजन 13 जनवरी से किया जा रहा है। समिति के संरक्षक लक्ष्मीकांत दुबे ने बताया कि 16 जनवरी तक होने वाले इस लोक महोत्सव में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहजने का एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचल के कलाकारों द्वारा रामचरित्र मानस गान का पाठ, बांस गीत , सुवा नृत्य, राउत नाच, पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही गांव में मेला मड़ई और रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरंग अर्जुंदा की प्रस्तुति होगी। समिति के अध्यक्ष दिनेश यादव एवं सतीश साहू ने लोक महोत्सव में लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

### कॉलेज में आज वार्षिक उत्सव युवान का आयोजन

**अंडा।** आज दोपहर 12 बजे से स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम के नवीन महाविद्यालय में प्रथम वार्षिक उत्सव युवान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, अध्यक्षता माया बेलचंदन सदस्य जिला पंचायत दुर्ग पूर्व अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि रुपेश देशमुख सदस्य, जनपद पंचायत दुर्ग, मुक्ति सुधाकर सरपंच ग्राम पंचायत निकुम,माधव प्रसाद देशमुख सदस्य पूर्व जिला पंचायत दुर्ग, गिरीश साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा अंजोरा दुर्ग ग्रामीण, पंचराम देशमुख सांसद प्रतिनिधि, चिमनलाल देशमुख वरिष्ठ भाजपा सदस्य दुर्ग भागवत पटेल बूथ अध्यक्ष भाजपा, हीरालाल साहू बूथ अध्यक्ष भाजपा, विकास बेलचंदन बूथ अध्यक्ष भाजपा, संतराम निर्मलकर बूथ अध्यक्ष भाजपा, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीमा जायसवाल प्राचार्य डॉ. डी. के. बैलेन्द्र एवं समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहेगें। यह जानकारी अन्नपूर्णा यादव ने दी।

### निकुम कॉलेज में युवा महोत्सव आज

**बालोद/निकुम।** स्व.पुकेश्वर सिंह भारदीय कालेज निकुम में 12 जनवरी शुक्रवार को युवा महोत्सव का आयोजन किया गया है। दोपहर 12 बजे से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर होंगे, अध्यक्षता सदस्य जिला पंचायत दुर्ग माया बेलचंदन करेंगी। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, सरपंच मुक्ति सुधाकर, पुर्व जिला पंचायत सदस्य माधव देशमुख, मंडल भाजपा अध्यक्ष अंजोरा गिरीश साहू, सांसद प्रतिनिधि पंचराम देशमुख होंगे। वहीं कॉलेज छात्र छात्राओं युवा प्रतिभाओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुति होगी। यह जानकारी प्राचार्य डॉ.डीके बैलेन्द्र ने दी।

# महिलाओं को शीघ्र मिल सकता है महतारी वंदन योजना का लाभ, शहरी क्षेत्रों में शुरू हुआ सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा सरकार द्वारा विवाहित महिलाओं के लिए की गई घोषणा महतारी वंदन योजना का लाभ बहुत जल्द महिलाओं को मिलना शुरू हो जाएगा। इसके लिए प्रशासन द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

शहरी क्षेत्र में महिलाओं का सर्वे शुरू हो गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वार्डों में पहुंचकर सर्वे कर रहे हैं और हर एक विवाहित महिलाओं का आधार कार्ड और राशन कार्ड की जानकारी लेकर रजिस्टर में दर्ज कर रहे हैं। इस कार्य में लगे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि अभी सिर्फ सर्वे करने का आदेश मिला है। सर्वे करने के बाद रिपोर्ट उच्च अधिकारी को सौपेंगे, उसके बाद आगे किस तरह का कार्य किया जाना है, अधिकारियों द्वारा दिशा निर्देश दिए जाने के बाद ही पता चलेगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वार्डों में पहुंचकर सर्वे में जुटीं





### भाजपा ने विवाहित महिलाओं को 12 हजार वार्षिक देने की थी घोषणा

आपको बता दें कि विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत सलाना 12 हजार रुपए दिए जाने की घोषणा की थी। अब प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई है, ऐसे में सरकार अपनी घोषणा को पूरा करने के कार्य मे जुट गई है। महतारी वंदन योजना के तहत सर्वे शुरू होते ही शहरी क्षेत्र की महिलाओं के चेहरे में खुशी साफ देखने को मिल रही है, क्योंकि चुनाव परिणाम आते ही और भाजपा की सरकार बनते ही महिलाओं को इस योजना का लाभ पाने बेसब्री से इंतजार है, लिहाजा इस योजना का लाभ पाने उनके चेहरे में खुशी नजर आ रही है। इस योजना का लाभ किन हितग्राहियों को मिलना है और कौन सी प्रक्रिया से गुजरना है, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है।

## मनमानी : धान खरीदी केंद्रों में ज्यादा झुकती की आ रही शिकायतें, विरोध का भी नहीं हो रहा असर

# तौल के नाम पर डाका, हर कट्टे में एक से डेढ़ किलो ज्यादा धान भर रहे तौलने वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

एक ओर जहां सरकार समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदकर उन्हें उत्पादन का सही दाम देने का प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी ओर कुछ खरीदी केंद्रों पर बैठे जिम्मेदार किसानों के धान पर डाका डाल रहे हैं। कुछ समितियों में किसानों से निर्धारित मात्रा से ज्यादा धान ज्यादा तौलकर लिए जाने की शिकायतें आ रही हैं। वहीं, समिति कर्मचारियों की मनमानी का विरोध करने वाले किसानों का धान 10-12 घंटे बाद तौले जाने की शिकायतें भी आ रही है। इतना ही नहीं विरोध करने पर धान रिजेक्ट करने तक की धमकी दी जाती है।

■ ताजा मामला सेवा सहकारी समिति मोहारा का

ताजा मामला सेवा सहकारी समिति मोहारा का है। इस बार समिति के आतंक का शिकार क्षेत्र का जनपद सदस्य ही हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जनपद सदस्य धनुष राम साहू गुरुवार को सुबह 7 बजे धान लेकर पहुंचा। धनुष राम ने ग्राम के डोमार सिंह साहू के खेत को कट्टु बुवाई की थी। धनुष राम ने डोमार सिंह को तौल कर 70 कट्टा धान दिया। लेकिन समिति में आने के बाद वह 68 कट्टा हो गया। शंका होने पर जनपद सदस्य धनुष राम एवं कृषक डोमार सिंह ने समिति द्वारा तौले गए धान ▶▶| शेष पेज 13 पर



### धान गिराने का नया खेल

यहां शिकायत की पड़ताल के बाद जब अधिक तौल की बात सामने आई तो पत्रकारों के समक्ष सही तौल किया जाने लगा। लेकिन यहां भी तौलने वालों ने नया खेल आरंभ कर दिया एवं तौलते समय जमीन में अधिक धान गिराने लगे। बताया जाता है कि इन गिरे धान को किसान इसलिए नहीं उठा पाए, क्योंकि फड़ मुरमी व रेत से भरा था। गिरे हुए धान को समिति के लोग बाद में उठाते हैं, जो समिति की अतिरिक्त आय का माध्यम बनता है, लेकिन उसकी राशि समिति में जमा नहीं होती। दावा किया जाता है कि ऐसे जमीन में गिरे धान की भी मात्रा पूरे सीजन में 500 कट्टा से अधिक हो जाती है। जनपद सदस्य धनुष राम ने बताया कि वह सुबह 7 बजे समिति में धान लेकर पहुंच गया था। कृषक डोमार सिंह ने बताया जल्दी नंबर लगेगा इसलिए सुबह 5 बजे से ही समिति के पास धान लेकर पहुंच गया था। लेकिन उनका धान शाम 5 बजे के बाद तौला जा रहा था, जिससे पूरे दिन किसान परेशान होते रहे। ग्राम के अन्य कृषकों ने बताया कि हम अधिक तौल का विरोध करते हैं तो हमें धान को रिजेक्ट कर देने की धमकी दी जाती है। हम जमीन में धान नहीं गिराने को कहते हैं, तो धान की तौलाई बहुत विलंब से की जाती है जिससे कृषक कुछ नहीं कह पाते।

### शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

गौरतलब है कि मोहारा समिति में अधिक तौल करने की शिकायतें लगातार आ रही है। जब एक जनप्रतिनिधि के साथ ही अधिक तौल का मामला हुआ तब खुलकर विरोध हुआ, लेकिन उसके बाद भी समिति प्रबंधन की हठधर्मिता ऐसी कि उसने अधिक तौले धान को कम किया, न अधिक तौलने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई की। इससे ऐसा प्रतीत होता है, जैसे उन्हें उच्च स्तर पर किसी का संरक्षण प्राप्त है, जिसके संरक्षण व सहमति से किसानों को लूटा व प्रताड़ित किया जा रहा है। मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग की जा रही है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

तहसीलदार हनुमंत श्याम ने कहा अधिक तौलना गलत है, जांच करेंगे। अधिक तौल वाले कट्टों को अलग से रखवा दो, मीटिंग के बाद कल देखेंगे। वहीं, समिति प्रबंधक केऐन सोनवानी ने कहा कि आगे से अधिक नहीं तौलेंगे, सबको समझाइए दूंगा। उन्होंने कहा कि ज्यादा बोलेंगे तो हमाल छोड़कर चले जाएंगे। अधिक तौल व धान गिराने के मामले में किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। इस मामले में ठेकेदार सुकालू राम ने कहा कि ज्यादा नहीं तौल रहे हैं, चलता कांटा है, ज्यादा हो जाता है। मैं फिर से तौल करने को तैयार हूं।

# मानदेय बढ़ाने की मांग, समूह की महिलाओं ने दिया धरना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

विकासखण्ड डौंडी के ग्राम अरमुरकसा के गौठान परिसर में करोड़ों रुपयों की लागत से निर्मित महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में चिक्की निर्माण कार्य में लगी ग्राम की महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने समुचित मानदेय की मांग को लेकर गुरुवार सुबह 9 बजे से मुख्य द्वार पर धरना दे दिया। किन्तु ग्रामीण महिलाओं की गुहार सुनने वाला कोई नहीं है।

■ विकासखण्ड डौंडी के ग्राम अरमुरकसा का मामला

स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों के धरने पर बैठने की जानकारी मिलने पर अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य अरमुरकसा पहुंचे। उन्होंने महिला सदस्यों से चर्चा की। महिला सदस्यों ने बताया कि हम लगभग सात माह से ग्राम के गौठान में महात्मा गांधी औद्योगिक पार्क के भवन में चिक्की निर्माण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि काम चालू हुआ तब हमें 200 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी दी जा रही थी। चिक्की निर्माण के प्रारम्भ में 85 बेच मिलेट चिक्की निर्माण किया जा रहा था, जो बढ़ते-बढ़ते लगभग 130 बेच मिलेट चिक्की प्रतिदिन निर्माण होने लगा था। हम सुबह 8 बजे काम पर आते थे लगभग 12 घण्टे कार्य कर चिक्की निर्माण का टारगेट पूरा करने के बाद घर जाते थे। लगभग पांच माह तक 200 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी दी गयी। पिछले माह 250 प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी दी गयी। अब चिक्की निर्माण का टारगेट 150 बेच करने का दबाव बनाया जा रहा है। हम काम करने को तैयार हैं, लेकिन काम के हिसाब से हम 300 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी की मांग कर रहे हैं। निर्माण एजेंसी द्वारा उनकी मांगों को दरकिनार किये जाने से आज मजदूरी बढाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए हैं। उक्ताशय की लिखित सूचना मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंडी को भेज दी ▶▶| शेष पेज 13 पर

# राष्ट्रीय रस्साखींच प्रतियोगिता में सांकरी की बेटियों ने जीता कांस्य



**बालोद/कलंगपुर।** जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम पंचायत सांकरी की बेटियों ने गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय रस्साखींच प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुँचने के पहले 20 राज्यों के प्रतिभागियों को पछाड़कर कांस्य पदक जीता। कांस्य पदक जीतकर घर लौटने पर सभी खिलाड़ियों को ग्राम सांकरी पहुंचकर क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने फूलमाला व ग़ुलाल से स्वागत कर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए अपने जिला पंचायत सदस्य के रूप में मिलने वाली एक माह की मानदेय राशि दस हजार रूपये देने की घोषणा भी की और सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी खिलाड़ी प्रफुल्लित नजर आए।

# उधार दी रकम वापस मांगी तो पति-पत्नी ने पीटा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उधार का पैसा वापस मांगने पर पति-पत्नी ने दो महिलाओं की बेदम पिटाई कर दी। इस मामले को लेकर महिला ने पति पत्नी के खिलाफ कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

■ कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना

ग्राम बेलौदी निवासी प्रार्थी सविता साहू ने बताया कि 10 जनवरी को दोपहर अपनी ननंद के गांव ग्राम निपानी में अहिमन के घर नहावन निमंत्रण में आयी थी। नहावन कार्यक्रम में ननंद खुशी साहू के साथ कार्यक्रम होने के बाद वापस ननंद के घर आ रहे थे उसी समय शाम 4 बजे ग्राम निपानी का रहने वाला दिनेश कुमार साहू एवं उसकी पत्नी नेमीन साहू रास्ते में मिले। मैंने दोनों को देखकर बोली कि भैय्या आप मेरे से लिये हुए उधारी की रकम 1,00,000 रूपये को एक साल बाद भी नहीं दे रहे हो और फोन लगाती हूं तो उठाते नहीं हो कब पैसा वापस करोगे। मेरी इतनी बात सुनकर दिनेश कुमार साहू मुझे गालियां देने लगा।

गाली को सुनकर मेरी ननंद खुशी साहू ने गाली देने से दिनेश को मना किया। उसके बाद दिनेश साहू एवं उसकी पत्नी नेमीन साहू दोनों एक साथ होकर ज्यादा बोलते हो आज तुम लोग को देख लेंगे, जान से मार देंगे की धमकी देते हुए हाथ मुक्का लात से मुझे तथा मेरी ननंद खुशी साहू को मारने लगे। मारपीट में खुशी मौके पर बेहोश हो गई, तब दिनेश साहू एवं उसकी पत्नी नेमीन साहू वहां से चले गये। मामले में पुलिस मारपीट के आरोप में दंपति के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# छेड़खानी के आरोप में दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अण्डा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना अण्डा में 11 जनवरी को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 जनवरी की शाम करीब 07 वह अपनी बहन व परिवार वालों के साथ घर में काम कर रही थी। उसी दौरान रिश्ते में भाई बिरेन्द्र यादव और पोषण उर्फ सोनू यादव ने प्रार्थिया एवं उसके परिवार के साथ गाली गलौज करते हुए घर के बाहर पकड़ लिया। गलत नियत से दोनों बहनों को पकड़कर कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता की शिकायत पर थाना अण्डा पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ धारा 354, 506, 34 भादवि के तहत गिरफ़्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायालय ने बिरेन्द्र यादव और पोषण उर्फ सोनू यादव निवासी ग्राम मासाभाठ थाना अण्डा को केन्द्रीय जेल दुर्ग में भेज दिया। थाना अण्डा प्रभारी आनंद शुक्ला ने बताया कि पोषण उर्फ सोनू यादव और बिरेन्द्र यादव के खिलाफ पूर्व में भी थाने में लड़ाई झगड़ा और चाकू बाजी का अपराध दर्ज है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक आनंद शुक्ला, एसआई राघवेन्द्र सिंह, मप्र आर जेस्मिका कुम्हारे, प्रआर भागवत प्रसाद, आरक्षक ओम प्रकाश चन्द्राकर, आरक्षक कुबेर पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

■ पीड़ित की शिकायत पर अंडा थाना पुलिस ने की कार्रवाई

## अंचल के कई खेतों में एक साथ काम शुरू होने से मजदूरों का संकट

# रबी की तैयारी जोरों पर, रोपा लगाने में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

रबी फसल की कटाई के बाद अब किसान ग्रीष्मकालीन फसल लेने की तैयारी में जुट गए हैं। अंचल में इन दिनों रबी धान की रोपाई का कार्य जोर-शोर से चल रहा है।

वहीं, एक साथ कई खेतों में धान की रोपाई शुरु हो जाने से मजदूरों की मांग बढ़ गई है, जिसके कारण मजदूर नहीं मिल रहे हैं। मजदूरों की समस्या के कारण कई किसान अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ रोपाई में जुटे हैं। अंचल में रोपाई कार्य ने जोर पकड़ लिया है जिन किसानों ने बहुत पहले ही धान की रोपाई कर ली थी उनकी फसल तेजी से बढ़ रही है, लेकिन जिन किसानों ने धान की रोपाई का कार्य देरी से प्रारंभ किया, उन्हें मजदूरों की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। कई गांव में मजदूरों को रोपाई करते हुए देखा जा सकता है। लाटाबोड़ भोईनापार परशाही खपरी बोरी पसौद सहित अन्य गांवों में रोपाई कार्य जोर-शोर से चल रहा है। एक साथ कई गांवों में रोपाई शुरू होने से किसान मजदूरों के लिए परेशान होने लगे हैं। कोई ठेका में तो कोई अधिक मजदूरी देकर धान की रोपाई करने विवश है।



### प्रति एकड़ 5500 से 6500 रुपए चल रहा रोपाई का ठेका

हालांकि कृषि कार्य में तमाम तरह के कृषि उपकरण आने के बाद भी कई ऐसे कार्य हैं, जो बिना मानवीय श्रम के संभव नहीं है। धान की निंदाई, रोपाई के लिए मजदूरों की आवश्यकता पड़ती ही है। इसलिए कृषि कार्य में मजदूरों की उपयोगिता बनी हुई है। अगर समय पर मजदूर न मिले तो किसानी पिछड़ जाती है। उत्पादन पर भी असर पड़ता है। पसौद के कृषक दयालू साहू ने बताया कि गांव में मजदूरों की किल्लत बनी हुई है। पहले की तुलना में मजदूरी दर बढ़कर 150 से 180 रुपए हो गई है। मजदूरी दर बढ़ने के बाद भी मजदूर नहीं मिलते। उन्होंने बताया कि गांवों में इन दिनों 5500 से 6500 रुपए प्रति एकड़ रोपाई का ठेका चल रहा है। अधिक मजदूरी देने के बाद भी किसानों को समय पर मजदूर नहीं मिल पा रहे हैं। कई श्रमिक तो ठेका मिलने पर ही काम में आते हैं। गांव में ऐसे मजदूरों की टोलियां हैं, जो धान की निंदाई, कटाई, रोपाई कार्य का ठेका लेते हैं।

### कल मनाई जाएगी भगवान सहस्त्रबाहू जयंती

**गुरूर।** छत्तीसगढ़ कलार समाज तहसील गुरूर मंडल द्वारा तहसील स्तरीय भगवान सहस्त्रबाहू जयंती परिक्षेत्रीय ग्राम देवकोट में 13 जनवरी को मनाई जाएगी। इस संबंध में तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में संरक्षक तहसील सिन्हा समाज तहसील गुरुर जनार्दन सिंह ने सभी स्वजातीय बंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। बैठक में समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, ग्राम प्रमुख, युवा प्रमुख, महिला प्रमुख एवं समस्त स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### जैन को खनिज एमडी का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुनील कुमार जैन को राज्य शासन ने प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वर्तमान में वे संचालक भौमिकी एवं खनिकर्म तथा अतिरिक्त प्रभार विशेष सचिव खनिज साधन विभाग, विशेष सचिव ऊर्जा विभाग तथा मिशन संचालक जल जीवन मिशन के पद पर पदस्थ हैं। उनके ये प्रभार यथावत बने रहेंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार को आदेश जारी किया है।

### महाराष्ट्र मंडल पहुंचे आर्किटेक्चर टीएम घाटे, किया अवलोकन

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल का नवनिर्मित भवन बहुत ही खूबसूरत और भव्य बना है। सुप्रसिद्ध आर्किटेक्चर, महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठतम सदस्य टीएम घाटे में इस आशय के विचार व्यक्त किए। महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण के बाद पहली बार यहां पहुंचे थे। घाटे ने कहा कि महाराष्ट्र मंडल का नवनिर्मित भवन सामाजिक न होते हुए व्यावसायिक भवन है। यह जरूरी भी है क्योंकि वर्तमान पीढ़ी की पसंद और चलन को ध्यान में रखकर इसे बनाया गया है। इस भवन के रखरखाव की तैयारी अभी से करनी पड़ेगी। भवन का बीमा हो, अग्निसुरक्षा के उपाय अपडेटेड हो, लिफ्ट की उम्र व मरम्मत के अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल संसाधनों के लगातार मेंटेनेंस और रिप्लेसमेंट की जरूरत पड़ते रहेगी, क्योंकि बड़े पैमाने पर इनका उपयोग होना है।

### बंसल को पीएम आवास ग्रामीण का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रजत बंसल को संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके पास आयुक्त वाणिज्यक कर (जीएसटी) का दायित्व पहले से ही है। श्री बंसल से पहले पीएम आवास ग्रामीण का अतिरिक्त प्रभार निहारिका बारिक के पास था। श्री बंसल के कार्यभार ग्रहण करने के बाद से वे इस अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगी। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन की प्रबंध संचालक पद्मिनी भोई साहू को उनके इस दायित्व के साथ मिशन संचालक राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हितेश बघेल को मुख्यमंत्री की निजी स्थापना में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, सूरज साहू को मुख्यमंत्री सचिवालय में अवर सचिव, आकाश गुप्ता को मुख्यमंत्री की निजी स्थापना में निज सहायक के रूप में पदस्थापना प्रदान की गई है।

### आत्मानंद स्कूलों के सभी भवन की जांच कराए सरकार

**रायपुर।** राजधानी के आत्मानंद स्कूल आरडी तिवारी स्कूल का प्लास्टर गिरने की घटना को गंभीर बताते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा कि पुराने स्कूलों का रेनोवेशन कर आत्मानंद स्कूल का संचालन किया जा रहा है। यहां पर पुरानी छतों की मरम्मत किए बिना केवल प्लास्टर ऑफ पेरिस की सीट लगाकर रंग रोगन कर दिया गया है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता न होने के कारण इस तरह की घटनाएं पहले भी कई स्कूलों में हो चुकी हैं। जिला प्रशासन और राज्य सरकार से उन्होंने मांग की है कि ऐसे पुराने भवनों के रेनोवेशन की पूरी जांच कराएं, ताकि ऐसी घटनाओं से बच्चों को दुर्घटना का शिकार न होना पड़े। उन्होंने कहा कि आत्मानंद स्कूलों में सभी जगहों पर स्टाफ की समस्या भी है, उस पर भी ध्यान दिया जाए। यहां पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षित और अच्छी पढ़ाई हो, इसके लिए सुविधाओं को बढ़ाएं।

### मंत्री बृजमोहन ने किया कैलेंडर का विमोचन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालय शासकीय कर्मचारी संघ का वार्षिक टेबल कैलेंडर का विमोचन उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन मोहन अग्रवाल ने किया। इस मौके पर संघ के पदाधिरियों ने बताया कि इस कैलेंडर में छत्तीसगढ़ के पांचों संभाग के संभागीय संयुक्त संचालक, सभी जिलों के कोषालय अधिकारी तथा वित्त विभाग के महत्वपूर्ण अधिकारी-कर्मचारी का मोबाइल नंबर अंकित है, जो आमजन के लिए उपयोगी है। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# चोरी की शिकायतों के बाद वॉटर मीटर में बदलाव, अब लगेंगे प्लास्टिक मीटर

## तांबे मिश्रित वाटर मीटर नहीं लगेंगे, रायपुर स्मार्ट सिटी की 24 घंटे जलापूर्ति योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरी पेय जल आपूर्ति योजना के अंतर्गत घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर की चोरी की शिकायत को देखते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अपने प्रोजेक्ट में लगाए जाने वाले वॉटर मीटर में बदलाव किया है। अब तांबा मिश्रित वाटर मीटर की जगह प्लास्टिक से बने वाटर मीटर लगाए जाएंगे। इसकी शुरुआत पुरानी बस्ती क्षेत्र से हो गई है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 130 करोड़ रुपए की लागत से शहर के 15 वार्डों में 170 किलोमीटर के दायरे में पाइप लाइन बिछाकर 2.50 लाख घरों तक 24 घंटे पेय जल की सुविधा प्रदान करने की योजना पर काम किया जा रहा है। दरअसल, शहर में अमृत मिशन के तहत लोगों के घरों में लगाए गए वाटर मीटर के चोरी होने की लगातार शिकायतें निगम प्रशासन को मिल रही थी, इसे ध्यान में रखते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड अब तांबा मिश्रित वॉटर मीटर की जगह प्लास्टिक के मीटर लगवा रहा है। इस व्यवस्था से मीटर चोरी की आम शिकायतें दूर होंगी। सूत्रों के मुताबिक प्लास्टिक मीटर की कीमत चोरों के लिए नगण्य होने के कारण मीटर चोरी की घटनाएं रुकेंगी। शहर में अमृत मिशन एवं स्मार्ट सिटी मिशन के 24 घंटे जलापूर्ति की योजना में मीटर चोरी की शिकायतें सामने आ रही थीं। इस पर संज्ञान लेते हुए प्लास्टिक से बने वाटर मीटर लगाए जाएंगे। शहर भर के 15 वार्डों में 20 हजार प्लास्टिक से बने वाटर मीटर मार्च माह तक लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

### 500 घरों में स्वचालित प्लास्टिक से बने वाटर मीटर लगाया गया

शहर की मोतीबाग पानी टंकी और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एबीडी एरिया के 15 वार्डों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शहरवासियों को 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना पर काम कर रहा है। जितना पानी की खपत, उतना जल शुल्क के फार्मूले पर यह योजना लोगों के बीच लाई जा रही है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की अनुबंधित एजेंसी इन दिनों 15 चयनित वार्डों के 2.50 लाख घरों में 24 घंटे पानी पहुंचाने पाइप लाइन बिछाकर इंटरकनेक्शन दे रही है। इसके साथ प्लास्टिक से बने वाटर मीटर लगाए जा रहे हैं। पुरानी बस्ती इलाके के 500 घरों में स्वचालित प्लास्टिक से बने वाटर मीटर लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। बाकी के वार्डों में मार्च तक वाटर मीटर लगाने का टारगेट दिया गया है। उपभोक्ताओं के यहां नए वाटर मीटर ठेका एजेंसी द्वारा निःशुल्क लगाया जा रहा है।



### प्लास्टिक के वाटर मीटर लगा रहे

*24 घंटे जल आपूर्ति की योजना में 15 वार्डों में 20 हजार प्लास्टिक से बने वाटर मीटर लगाए जाएंगे। इसकी शुरुआत पुरानी बस्ती इलाके से की गई है, जहां अब तक 500 वाटर मीटर लगाए जा चुके हैं।*

*- अमित मिश्रा, प्रोजेक्ट प्रभारी, 24 जल आपूर्ति योजना, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

## श्रम विभाग कार्यालय में श्रमिक प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में पहुंच रहे पंजीयन-नवीनीकरण कराने

# सर्वर डाउन, श्रमिकों की पंजीयन-नवीनीकरण कराने लग रही भीड़, बहुतों का दूसरे दिन आ रहा नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के श्रम विभाग कार्यालय में श्रमिक कार्ड बनाने के लिए श्रमिकों की भीड़ टूट पड़ी है। हर दिन सैकड़ों की संख्या में श्रमिक अपना पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने पहुंच रहे हैं। भीड़ के कारण श्रमिकों को जहां घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर विभाग के जिस ऑनलाइन वेबसाइट साफ्टवेयर से पंजीयन-नवीनीकरण का काम चल रहा है, उसका सर्वर भी डाउन है। इसके कारण श्रमिकों को पंजीयन-नवीनीकरण कराने के लिए टोकन नंबर दिया जा रहा है, लेकिन टोकन नंबर मिलने के बाद भी कई श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है। ऐसे श्रमिकों को टोकन नंबर लेकर दूसरे दिन बुलाया जा रहा है।






### एक श्रमिक के पीछे लग रहे 10-20 मिनट

विभागीय वेबसाइट का सर्वर इतना डाउन है कि पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने में एक श्रमिक के पीछे 10-20 मिनट तक लग रहा है। इसके कारण इसका काम काफी धीमी गति से चल रहा है। पंजीयन-नवीनीकरण करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि पंजीयन-नवीनीकरण कार्य प्रदेशभर में चल रहा है। इसके कारण सर्वर की समस्या बनी हुई है। कर्मचारियों ने बताया, सर्वर डाउन के कारण श्रमिकों को घंटों लाइन में लगना ना पड़े, इसके लिए टोकन नंबर दिया जा रहा है और उसी के अनुसार बारी-बारी से श्रमिकों को बुलाया जा रहा है।

### दूसरे जिलों में सर्वर डाउन की समस्या

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के साथ दूसरे जिलों में भी सर्वर डाउन की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण श्रम विभाग कार्यालयों में पंजीयन-नवीनीकरण कराने वाले श्रमिकों की भारी भीड़ पहुंच रही है।

### 39 लाख से अधिक आवेदन, इनमें 23 लाख से ज्यादा पंजीकृत

*छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी योजना अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए राज्यभर में अब तक 39 लाख 32 हजार 21 श्रमिकों ने पंजीयन कराने के लिए आवेदन किया है। इनमें से 23 लाख 94 हजार 480 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है, जबकि 15 लाख 15 हजार 555 श्रमिकों के आवेदन विभिन्न कारणों से रद्द किए गए हैं।*

### नवीनीकरण के 5 लाख से अधिक आवेदन

प्रदेशभर में नवीनीकरण के लिए 5 लाख 36 हजार 651 आवेदन विभाग को मिले हैं। इनमें 4 लाख 27 हजार 585 का नवीनीकरण किया जा चुका है, जबकि 64 हजार 68 आवेदनों को रद्द किया गया है।

**रायपुर जिले में 2575 पंजीयन एवं 13313 नवीनीकरण के आवेदन लंबित**

रायपुर जिले में पंजीयन के लिए कुल 6 लाख 67 हजार 761 श्रमिकों ने आवेदन किया है। इनमें से 4 लाख 11 हजार 280 श्रमिकों का पंजीयन हो चुका है, वहीं 2 लाख 53 हजार 907 आवेदन रद्द किए गए है। इस तरह कुल आवेदनों में 2574 आवेदन अब तक पंजीयन के लिए लंबित हैं। इसी प्रकार नवीनीकरण के लिए एक लाख 10 हजार 19 आवेदनों में 74 हजार 603 का नवीनीकरण हो चुका है, जबकि 13 हजार 101 आवेदन रद्द किए गए हैं। इस तरह 13 हजार 313 आवेदन अभी लंबित हैं। विदित हो कि श्रमिक कार्ड की वैधता पांच वर्ष है, वहीं नवीनीकरण की वैधता एक वर्ष है। 5 वर्ष के बाद सभी श्रमिक कार्ड को रद्द कर दिया गया है। इसके कारण अब श्रमिकों को विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए दोबारा पंजीयन कराना पड़ रहा है। पंजीयन कराने के साथ श्रमिकों को नवीनीकरण भी कराना पड़ रहा है। नवीनीकरण कराने पर ही श्रमिकों को श्रमिक कार्ड मिल पा रहा है।

### राज्य में अब तक 91.07 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का महाअभियान निरंतर जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 91.07 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 20,208 करोड़ रूपए से अधिक राशि का भुगतान किया गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय का लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा। इसका आशय यह है कि एक नवंबर से अब तक पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान बेच चुके किसान, शेष मात्रा का धान, उपार्जन केन्द्र में 31 जनवरी तक बेच सकेंगे।

## आम बजट में आयकर के लिए चैंबर ने केन्द्रीय वित्तमंत्री को भेजा सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने आम बजट में आयकर के संबंध में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सुझाव भेजा है। इसमें डिपाजिट लेन-देन की सीमा को 20 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए करने, हाउसिंग लोन में ब्याज की छूट 2 लाख से बढ़ाकर 4 लाख रुपए करने का सुझाव शामिल है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया, बुधवार को चैंबर द्वारा आम बजट के संबंध में पत्र लिखकर केंद्रीय वित्तमंत्री को सुझाव भेजा गया है। चैंबर ने आम बजट के संबंध में प्रदेशभर के व्यापारिक और औद्योगिक संगठनों से सुझाव मंगाए और इन्हीं सुझावों को बजट में शामिल करने केंद्रीय वित्तमंत्री का ध्यान आकर्षित कराया गया है। चैंबर द्वारा भेजे गए सुझावों में वेतन आय की स्थिति में 50 हजार रुपए की मानक छूट को बढ़ाकर 2 लाख करने, क्रेडिट कार्ड एवं डेबिट कार्ड से ट्रांजेक्शन करने पर लगने वाले स्वैपिंग चार्ज को पूरी तरह माफ करने का सुझाव शामिल है। टीडीएस का रिटर्न विलंब से प्रस्तुत किये जाने पर विभाग द्वारा 200 रुपये प्रतिदिन लिए जाने वाले शुल्क को समाप्त करने का आग्रह सुझाव के माध्यम से किया गया है।

- डिपाजिट लेन-देन की सीमा 20 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए की जाए

## आईजी और एसएसपी ने ली पुलिस अफसरों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*राजधानी में अपराध नियंत्रण करने रेंज आईजी तथा एसएसपी ने राजपत्रित पुलिस अफसरों की बैठक लेकर अपराध पर अंकुश लगाने नई कार्यप्रणाली बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नियमित अपराध की समीक्षा करने के लिए अफसरों को कहा है। साथ ही मादक पदार्थ बेचने वाले की अंतिम कड़ी तक पहुंचकर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। आईजी रतन लाल डांगी तथा एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने अफसरों की बैठक कर मादक पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मादक पदार्थ पकड़ने के दौरान अंतिम सप्लाई चेन व आरोपियों की तस्दीक कर कार्रवाई करने के लिए कहा है। शराब की अवैध तरीके से बिक्री, भंडारण, परिवहन करने वालों पर कार्रवाई कर रोक लगाने के लिए कहा है। साथ ही संध्या के समय नियमित रूप से राजपत्रित पुलिस अफसरों सहित थाना प्रभारियों को अपने-अपने अनुभाग एवं थाना क्षेत्रों में पैदल पेट्रोलिंग कर विजिबल पुलिसिंग कर संदिग्ध व असमाजिक तत्वों की जांच करने के लिए कहा है।*

## एमबीबीएस डाक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्री से कहा- हम हो गए हैं बेरोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले डाक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी अग्रवाल से कहा है कि साढ़े तीन माह से पोस्टिंग नहीं मिलने की वजह से हम बेरोजगार हो गए हैं। राज्य को दो कालेजों से डाक्टर बनने वालों को अनुबंध सेवा के तहत पोस्टिंग दी जा चुकी है, मगर साढ़े तीन सौ छात्रों की ओर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।

वर्ष 2017 में विभिन्न शासकीय कालेजों में एडमिशन लेने वाले छात्रों ने पिछले साल अपनी पढ़ाई पूरी की है। परीक्षा परिणाम सामने आने के बाद उन्हें दो साल के ग्रामीण सेवा के तहत स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ किया जाना था, मगर ऐसा नहीं हो पाया। आचार संहिता खत्म होने के बाद शासकीय मेडिकल कालेज बिलासपुर और जगदलपुर के छात्रों को इसके तहत पोस्टिंग दे दी गई, मगर रायपुर समेत अन्य शासकीय कालेज के लगभग साढ़े तीन सौ छात्रों के लिए अब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। इस बारे में स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा प्रकरण मंत्रालय में लंबित होने का तर्क दिया जाता है। चिकित्सा अधिकारी बनने का इंतजार करने वाले छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मिलकर इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने तर्क दिया है कि साढ़े पांच साल की पढ़ाई इस बार छह साल में खत्म हुई है। इसके बाद पिछले साढ़े तीन माह से बांड पोस्टिंग नहीं मिलने की वजह से बेरोजगारी के आलम से जूझ रहे हैं।



### अन्य संस्थानों में नहीं कर पा रहे जॉब

*पढ़ाई शुरू करने के पहले शासन स्तर पर हुए अनुबंध के तहत वे दो साल की सेवा पूरी नहीं होने तक निजी स्तर पर अन्यत्र संस्थानों में भी नौकरी नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा पोस्टिंग आर्डर विलंब से जारी होने की वजह से उन्हें अन्य साथियों की तुलना में देर तक सेवा देनी होगी। यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के नेतृत्व में डॉ. रूपेश वर्मा, डॉ. पंकज अग्रवाल, डॉ. शिवानी शिवकुमार, डा. प्रखरदीप गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री के शासकीय निवास में जाकर उनसे मुलाकात की।*

# ड्राइवर्स अफवाहों से बचें, हिट एंड रन कानून अभी लागू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ड्राइवर्स को सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी देकर बहकाया जा रहा है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन के रिटेल व एलपीजी डिवीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक नितिन श्रीवास्तव व पंकज रत्नपारखी ने बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिट एंड रन कानून को केंद्र सरकार ने अभी देश में लागू नहीं किया है। अभी पुराना कानून ही लागू है। स्वार्थी तत्वों द्वारा फैलाए जा रहे फेक न्यूज के कारण ट्रांसपोर्ट संगठनों और ड्राइवर्स को बहकाने का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह की भ्रामक जानकारी से बचने के लिए अपील भी की है।



पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने आगे बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नए कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत के बाद ही फैसला लिया जाएगा। भारी वाहन चालकों को किसी प्रकार के बहकावे में आने व भयभीत होने की जरूरत नहीं है। इस संबंध में वाहन चालकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने को लेकर अपील की है। आगे कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस को पत्र प्रेषित करते हुए स्पष्ट किया है कि भारत सरकार का संबंधित विभाग कानून लागू करने से पहले ही अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत करेगा। इसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा है कि भारतीय न्याय संहिता 106(2) लागू करने से पहले हम ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। इसके बाद कोई निर्णय लिया जाएगा।

## सोशल मीडिया में वायरल पत्र से लोग हुए भ्रमित

# ड्राइवरों की हड़ताल को लेकर दिनभर असमंजस की स्थिति रही, बसस्टैंड में यात्रियों का टोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिट एंड रन कानून को लेकर छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन के बुधवार से हड़ताल पर जाने की घोषणा के बाद पूरे दिन असमंजस की स्थिति रही। सड़कों पर लोकल ट्रकों का संचालन प्रभावित होने के साथ बसों में यात्रियों का टोटा रहा। ओडिशा में ड्राइवरों के हड़ताल में जाने की वजह से ओडिशा मार्ग पर चलने वाली बसें बुरी तरह से प्रभावित हुईं। राजधानी से बुधवार सुबह के लिए बसों का संचालन नहीं हो पाया।

गौरतलब है, छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन के प्रीतम सेन का मंगलवार को सोशल मीडिया में एक पत्र वायरल हुआ था, जिसमें बस तथा ट्रक ड्राइवरों के बुधवार से हड़ताल पर जाने का उल्लेख किया गया था। वायरल पत्र को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए अलग-अलग ड्राइवर संघ के नेताओं को बुलाकर उन्हें समझाइश दी तथा उन्हें हिट एंड रन कानून अभी लागू नहीं होने के बारे में जानकारी दी। तब ड्राइवरों ने अपनी हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि पेट्रोलियम टैंकर ड्राइवर संघ ने पहले से हड़ताल पर नहीं जाने का निर्णय लिया था। इसके साथ और कई ड्राइवर यूनियन ने हड़ताल से किनारा कर लिया था।



### मुख्यमंत्री ने ट्विट कर अफवाह से बचने अपील की

ड्राइवरों के हड़ताल पर जाने संबंधित अफवाह को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्स में ट्विट करते हुए लोगों से हिट एंड रन कानून के नए प्रावधानों के संबंध में फैलाई जा रही अफवाहों से बचने की अपील की। श्री साय ने कहा कि कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर फेक पत्र के माध्यम से फैलाई जा रही भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करें। केंद्र सरकार द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) लागू करने से पहले अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस से विचार विमर्श करने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बघमरा आश्रम में आज से मानव एकता महासम्मेलन

**गुण्डरदेही।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मानव एकता महासम्मेलन का विशाल आयोजन 12, 13 व 14 जनवरी को मानव कल्याण आश्रम बघमरा गुण्डरदेही में किया गया है। इसमें कबीर दर्शन धर्म प्रचारक संत निष्ठा साहेब बाराबंकी उत्तर प्रदेश विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। नागराज बाबा द्वारा प्रतिपादित मध्यस्थ दर्शन का व्याख्यान उनके अनुयाई द्वारा किया जाएगा। बौद्धिक क्षमता विकास हेतु संदेश बेमेतरा महाविद्यालय के डायरेक्टर अवधेश प्रस्तुत करेंगे। जिसमे भजन, प्रवचन, कवि सम्मेलन के साथ प्रतिदिन सुबह हरिद्वार पतंजलि से प्रशिक्षित योगाचार्य द्वारा योग शिविर तथा प्राकृतिक चिकित्सा का प्रयोग विधि आयोजित किया गया है। मानव कल्याण संस्था के प्रमुख गुरु प्रसाद मानववादी ने बताया कि प्रतिवर्ष मकर संक्रांति में ऐसा आध्यात्मिक एवं सत्संग का वृहद आयोजन कर सभी मनुष्य को मानव एकता के सूत्र में जोड़ने का प्रयत्न किया जाता है।

### 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व पावन प्रज्ञा पुराण कथा आज से

**अंडा।** ग्राम चिंगरी में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में युग ऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम् वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा कि सूक्ष्म संरक्षण में मानव जीवन में छाई आस्था संकट तथा अचिंत्य चिंतन को बदलने जनकल्याण कि भावना को ध्यान में रखते हुए 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन आज से 16 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें कलश यात्रा, युग संगीत, सामूहिक जाप, दीप महायज्ञ, प्रज्ञायोग व विभिन्न संस्कार जैसे पुंसवन संस्कार, मुंडन संस्कार, विद्यारम्भ संस्कार, दीक्षा संस्कार का आयोजन समस्त ग्रामवासी व गायत्री परिवार द्वारा कराया जाएगा।

## निधन

### रंभा बाई सिन्हा

**जामगांव आर।** ग्राम कुम्हली निवासी समाजसेवी माता रंभा बाई सिन्हा 85 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कबीर धाम रायपुर में किया गया। वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक के पूर्व प्रचारक वरिष्ठ समाजसेवी रूपनारायण सिन्हा की माता थीं।

### जयंत्री बाई ठाकुर



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम खुटेरी निवासी जयंत्री बाई ठाकुर 60 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे होल्कर ठाकुर की धर्मपत्नी व डिगेश्वर लाल एवं नोगेश्वर ठाकुर की माता थीं।

**जायजा : करकाभाट स्थित मां दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना का किया औचक निरीक्षण**

# जिले के सुदूर ग्रामीण अंचलों पर भी है कलेक्टर की नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद







कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल द्वारा अपने पदस्थापना के तत्काल बाद जिले के विभिन्न स्थानों का सघन दौरा कर जिले में संचालित विकास कार्यों का निरंतर जायजा लिया जा रहा है। श्री चन्द्रवाल ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का निरंतर दौरा कर यह बता दिया है कि उनकी पैनी निगाह जिला मुख्यालय बालोद के अलावा जिले के सुदूर ग्रामीण अंचलों में चल रहे विकास कार्यों पर भी रहेगा। जिससे की समाज के जरूरतमंद एवं अंतिम पंक्ति के लोगों तक शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। इसके अंतर्गत कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले के करकाभाट स्थित मां दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को गन्ना कारखाने का उत्पादन बढ़ाने तथा कारखाने की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल ने कृषि विभाग के उप संचालक को जिले में गन्ने की खेती की रकबा बढ़ाने हेतु उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर ने गन्ना कारखाना के अलग-अलग यूनिटों का निरीक्षण कर कार्य पद्धति के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्रीचन्द्रवाल ने गन्ना कारखाने के प्रबंध संचालक कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर कारखाने की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाने में उपस्थित गन्ना किसानों से बातचीत कर गन्ना उत्पादन एवं कारखाने की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

### बुनकरों की मेहनत देख कलेक्टर हुए प्रभावित

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुरुवार को ग्राम हथौद में बुनकर सहकारी समिति के कर्मशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने बुनकरों द्वारा तैयार किए गए वस्त्रों का अवलोकन किया तथा विभिन्न डिजाईनर कपड़ों की सराहना की। बुनकरों से चर्चा कर प्रतिदिन किए जाने वाले उत्पादन तथा मासिक आय के संबंध में चर्चा की। बुनकरों ने बताया कि वे इस कार्य से काफी खुश हैं। उन्हें अपने गांव में ही रोजगार का अच्छा माध्यम मिल गया है तथा इससे वे अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। कलेक्टर ने समिति के प्रबंधक से उत्पादित वस्त्र के विक्रय के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कर्मशाला को विस्तृत करने तथा आय में और अधिक बढ़ोतरी करने के संबंध में भी चर्चा की। कलेक्टर ने बुनकरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हथकरघा विभाग के माध्यम से उनके इस कार्य को और विस्तृत किया जाएगा। जिससे बुनकरों को और बेहतर आमदनी प्राप्त हो सकेगी।

### कलेक्टर ने देखा तांदुला इको टूरिज्म पार्क

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुरूवार को तांदुला इको टूरिज्म पार्क' का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं पार्क का देखरेख कर रहे प्रबंधन के लोगों के साथ तांदुला इको टूरिज्म पार्क के क्षेत्र को और अधिक विस्तारित करने तथा पार्क की व्यवस्था को बेहतर बनाने के उपायों के संबंध में चर्चा भी की। जिससे यहां आने वाले सैलानी इस पार्क का समुचित लाभ उठाने के साथ-साथ उन्हें बेहतर व्यवस्था भी प्रदान की जा सके। कलेक्टर हाल में ही प्रारंभ किए गए तांदुला इको टूरिज्म पार्क में राजस्व प्राप्ति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने प्रबंधन को बोटिंग आदि का दर निर्धारित करने कहा, जिससे आम लोग भी इस तांदुला इको टूरिज्म पार्क का लुत्फ उठा सकें। कलेक्टर चन्द्रवाल ने तांदुला इको टुरिज्म पार्क की मनोरम सौंदर्य की प्रशंसा की। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास सहित ग्रामीण सेवा यांत्रिकी विभाग एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंताओं के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## करियाटोला में श्रीमद् भागवत कथा 18 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम पंचायत कपरमेटा के आश्रित ग्राम करियाटोला में स्व.बेद बाई सोरी की स्मृति में 18 से 26 जनवरी तक श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कथा समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से होगी।

आयोजक जगदेव राम सोरी ने बताया कि कथावाचक पंडित ज्ञानेश्वर महाराज बगदई है। 18 जनवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही वेदी स्थापना और गौकर्ण प्रसंग के साथ कथा की शुरूआत होगी। 19 जनवरी को श्री शुक जन्म, भीष्म परलोकगमन, परीक्षित जन्मकथा होगा। 20 जनवरी को सृष्टि विस्तार, वाराह अवतार, कपिल प्रसंग, ध्रुव चरित्र कथा होगा। 21 जनवरी को जडभरत चरित्र, भक्त प्रहलाद चरित्र कथा होगा। 22 जनवरी को समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्री कृष्ण जन्म कथा होगा। 23 जनवरी को श्री बाल लीला, माखन चोरी, उद्धव प्रसंग कथा होगा। 24 जनवरी को श्री वृंदावन लीला, मथुरा लीला, रुखमणी प्रसंग कथा होगा। 25 जनवरी को श्री द्वारिका लीला, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, चढोत्री होगी। 26 जनवरी को गीतासार, यज्ञहवन, तपैण पूर्णाहुति, महाप्रसादी गीता चढोत्री, दान वर्षा है।

## भोथीडीह में लगा एनएसएस का विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर ग्राम भोथीपार ग्राम पंचायत खपरी (ब) में समस्त ग्राम वासियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से विधायक कुंवर सिंह निषाद के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच जनक बाई साहू ने की। विशेष अतिथि अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही भोजराज साहू थे। उप सरपंच सावत राम साहू, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी गुण्डरदेही संजय शुक्ला, संयोजक युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ गुण्डरदेही लेखराम साहू, व्याख्याता डीएल साहू, टीसी मांडवी, प्राचार्य टीएस कोल्हे, शिक्षक केएल कुर्रे, पूर्व उप सरपंच बैसाखूराम साहू, महेंद्र मंडावी, ताजुराम साहू, प्रभु राम साहू, झग्गर साहू, माखन मंडावी, भेम लाल साहू, चौन सिंह उइके, गुमान सिंह मंडावी, भैया राम साहू, बरतिया राम सिंगारे, नेतराम साहू, गोपी राम साहू, पंच चुनु राम साहू, गोपाल चंद्रवंशी, केश लता साहू, देवबति सोरी, राजेश्वरी मंडावी एवं चुरामन साहू सहित सैकड़ो ग्रामीणों की उपस्थिति में सात दिवसीय शिविर हुआ। मुख्य अतिथि कुंवर सिंह निषाद ने छात्रों के व्यक्तित्व शिक्षा और संस्कार अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा की, साथ ही बेटियों पर कविता पाठ संदेश दिया तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। प्राचार्य टीएस कोल्हे ने नशा मुक्ति समाज पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि संजय शुक्ला ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सरपंच जनक बाई साहू ने ग्राम विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने विधायक से ग्राम पंचायत के विकास के तहत ग्राम इरगुडा से पायला पहुंच मार्ग जो की काफी जर्जर है, उसको डामरीकरण करने की मांग की।

### स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना

कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता आरएन साहू ने किया तथा साथ दिवसीय विशेष शिविर में किए गए गतिविधियों पर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संयोजक युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ गुण्डरदेही लेख राम साहू ने आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के साथ दिवसीय शिविर में किए गए कार्यों की सराहना की तथा ग्राम विकास में छात्रों की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम में व्याख्याता अश्वनी साहू की विशेष भूमिका रही। तोषमिता मिश्रा तथा विद्यालय के सभी कर्मचारियों ने कार्यक्रम की सफलता की सराहना की।

## गिधाली पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

- विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रदान की गई सामग्री



**डौंडीलोहारा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अभी तक बालोद जिले के 437 ग्राम पंचायतों में से 247 व 08 नगरीय निकायों में पहुंच चुकी है। इसी तारतम्य में 10 जनवरी को ग्राम पंचायत गिधाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का आगमन हुआ। रथ का ससम्मान स्वागत कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इसके तहत भारत सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं स्वच्छ भारत मिशन, उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, स्वमित्व योजना, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा, , आजीविका मिशन, शीशु व मातृत्व पोषण आहार, मातृत्व वंदना 17 प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत ग्राम के लाभान्वित हितग्राहियों ने शासकीय योजनाओं के लाभ बताए। ग्राम पंचायत गिधाली के इस शिविर में मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य व जिला महामंत्री देवेंद्र जायसवाल थे, अध्यक्षता बसंती ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत गिधाली ने की। वहीं, किशोरी लाल साहू जिला महामंत्री बालोद, विशेष अतिथि मनीष झा मण्डल अध्यक्ष डौंडी, लिखन लाल बलेंद्र ग्राम पटेल गिधाली, प्यारी लाल कोल्यारा ग्राम पटेल बकलीटोला, कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री व उपसंरपंच टिकेंद्र साहू ने किया। कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्राम गिधाली व बकलीटोला के समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मानसगान स्पर्धा में रानीतराई व अंबागढ़ चौकी की मंडली ने जीते प्रथम पुरस्कार

श्री रामचरित मानस प्रचार समिति भिरई द्वारा किया गया था आयोजन



**गुरूर।** श्री रामचरित मानस प्रचार समिति भिरई द्वारा त्रि दिवसीय भव्य मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह की विशेष अतिथि विधायक संगीता सिन्हा थीं, साथ में धमतरी छत्तीसगढ़ सुपर स्टार ओंकार साहू, दिलेश साहू, अमलेश नागेश, जिला पंचायत सभापति केदार देवांगन, पितेश साहू मंचासीन थे। जिसमें विशेष अतिथि जिला महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा खेमलाल देवांगन, भाजपा युवा मोर्चा गुरूर अध्यक्ष मनीष साहू, महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा गुरुर मितेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष भाजपा युवा मार्चा गुरुर गजेंद महामल्ला के साथ मानस यात्र में संपूर्ण ग्रामीण श्रद्धालुओं ने प्रभु श्री राम जी की मानस कथा का रसपान किया। पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान श्री संगीत मानस परिवार निपानी रानीतराई, द्वितीय स्थान श्री राम रुचि मानस परिवार डोटोपार, तृतीय स्थान श्री वक्रतुण्ड मानस परिवार विनायकपुर दुर्ग, चतुर्थ स्थान श्री महर्षि मुक्त मानस परिवार भेलवाकुदा, पंचम स्थान श्री तुलसी मानस परिवार रायतपाली राजनांदगांव ने प्राप्त किया। महिला वर्ग मे प्रथम स्थान श्री नवदीप बालिका मानस परिवार अंबागढ़ चौकी, द्वितीय स्थान श्री हे शारदे संपूर्ण बालिका मानस परिवार रंजीतपुर कवर्धा, तृतीय स्थान श्री आराधना बालिका मानस परिवार कुंदरूपारा, चतुर्थ स्थान श्री रेशमी बालिका मानस परिवार बिरकोनी महासमुंद ने प्राप्त किया। मानस विशेष पुरस्कार मे व्याख्या विशेष श्री तुलसी मानस परिवार रावाभाठा, संगीत विशेष मे श्री ओम आदित्य मानस परिवार रिसाली नगर भिलाई, गायन विशेष मे श्री शक्ति संगम मानस परिवार भिभौरी बेमेतरा, वेशभूषा मे श्री बस्तरिया मानस परिवार कोदागाव, अनुशासन में श्री रामकिंकन मानस परिवार बहेरापाल गरियाबंद ने पुरस्कार प्राप्त किया। यह जानकारी लिकेश हिंदू ने दी।

## कन्हारपुरी में तीन दिवसीय मानसगान स्पर्धा शुरू



**गुरूर।** ग्राम कन्हारपुरी में 3 दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का शुभारंभ भगवान राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान की पूजा-अर्चना दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित व्यावसाई तोखन लाल साहू थे। अध्यक्षता भूखाराम देवांगन ने किया। विशिष्ठ अतिथि अध्यक्ष ग्राम विकास समिति अभिलाष साहू, पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज तीजे राम साहू, गणेश राम साहू, आकाश खत्री, रोहित कुमार एवं ग्रामवासी उपास्थित रहे। प्रथम दिवस में मानस परिवार कन्हारपुरी एवं ज्ञान गंगा महिला मानस मंडली दियाबती ने अपनी प्रस्तुति दी।

### अवैध परिवहन करते 29 गाड़ियां पकड़ाई

**रायपुर।** रायपुर जिले में रेत, मुरुम व गिट्टी का अवैध परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनिज विभाग की कार्रवाई का पिछले 10 दिन का आंकड़ा बताता है, जिले में खनिज सामग्री का अवैध कारोबार किस तरह से चल रहा है।


पेज 11 के शेष

### तौल के नाम पर डाका...

को पुनः तौलाया तो प्रत्येक कट्टा में लगभग 1 किलो धान अतिरिक्त निकला। अधिक तौल साबित होने के बाद भी समिति प्रबंधक व ठेकेदार सही तौल करने को तैयार नहीं हुए। जनपद सदस्य ने मामले की शिकायत पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा से की। मामले की जानकारी प्रशासन के आला अधिकारियों तक पहुंची। वहीं, मिलने पर जानकारी पर पत्रकार भी पहुंचे। पत्रकारों ने जब गुरुवार को तौल किए गए बोरो में से लगभग 20-25 कट्टों को तौलाया, तो सभी में लगभग एक किलो धान अधिक निकला। शिकायत एवं अधिक तौल निकलने के बाद भी समिति ने सही तौल करने का सुधार नहीं किया एवं अधिक तौल वाले कट्टों की सबके सामने सिलाई कर दी। मामले में प्रशासनिक अधिकारियों से भी शिकायत करने के बाद भी कोई प्रशासनिक अमला जांच करने नहीं पहुंचा। इससे उनके हौसले बढ़ गए और वे किसानों के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों से बदसलूकी करने लगे।

### मानदेय बढ़ाने की ...

गई है। अपनी मांगों को लेकर चिक्की निर्माण कार्य में लगे जय माँ लक्ष्मी स्व सहायता समूह अरमुरकसा के महिला पुरुष सदस्य उषा बाई ,कलेश्वरी, सावित्री भुआर्य, हितेश्वरी, अनिता, सुमन जगनायक, पुष्पा चौरे, मालती, लक्ष्मी बाई, रेशमा यादव, पवन बाई, सुनीता बाई, सावित्री लेडिया, प्रेमराज, देवेन्द्र, हरीश बैठे हैं। उक्त सम्बन्ध में जनपद पंचायत डोंडी के मुख्यकार्यपालन अधिकारी से मोबाइल पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, किन्तु संपर्क नहीं हो पाया।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### बोरवेल गाड़ी से टकराई बाइक, एक युवक घायल

**बालोद।** जिले के ग्राम सांकरा और नारागाँव के मध्य स्थित ग्राम बरही में गुरुवार शाम मोटर सायकल और बोरवेल गाड़ी के बीच टक्कर होने से एक व्यक्ति घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार अगेश्वर मंडावी और नीरज करियाम दोनों मोटर सायकल सीजी 19 क्यू 6848 सवार होकर सांकरा की ओर से अपने गृह ग्राम नारागाँव जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बोरवेल गाड़ी से उनकी अचानक टक्कर हो गई। दुर्घटना में ग्राम नारागाँव निवासी अगेश्वर मंडावी उम्र लगभग 34 वर्ष के आँख के पास गंभीर चोट आई है। वहीं, दूसरा नीरज करियाम 28 वर्ष सुरक्षित है। ग्रामीणों ने संजीवनी एक्सप्रेस 108 के माध्यम से घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुँचाया। वहीं, इस सड़क दुर्घटना में मोटर सायकल के परखच्चे उड़ गए।

### श्री बाबा रामदेव मंदिर बालोद में महाआरती आज



**बालोद।** श्री बाबा रामदेव मंदिर समिति गंजपारा बालोद में 12 जनवरी को संध्या 7:30 बजे से महाआरती रखी गई है। मंदिर समिति प्रमुख बाबूलाल जैन ने समस्त सभी भक्तों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### भुरकाभाट (अर्जुन्दा) में मेला-मड़ई कल

**बालोद।** ग्राम भुरकाभाट (अर्जुन्दा) में 13 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्राम पटेल शंकर लाल सिन्हा और माखन लाल साहू ने बताया कि रात में लोगों के मनोरंजन के लिए मोर चिरैया के फूल नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### कलंगपुर में स्नेह मिलन व सम्मान समारोह कल

**बालोद/कलंगपुर।** स्थानीय बस स्टैंड स्थित कला मंच में 13 जनवरी को मित्र मिलन समूह के तत्वावधान में स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। सम्मान समारोह का शुभारंभ दोपहर 1 बजे से होगा, जिसमें मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवरसिंह निषाद होंगे एवं अध्यक्षता समाज सेवी दिलीप कुमार जैन करेंगे। विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य बालोद पुष्पेंद्र चंद्राकर, सरपंच कलंगपुर पुष्पा सिन्हा एवं ग्रामीण अध्यक्ष कलंगपुर गोविंद सिन्हा होंगे। साथ ही इस अवसर पर मनोरंजन हेतु चंदा के अंजोर डांस गुरुप की प्रस्तुति रखी गई है। मित्र मिलन समूह के अध्यक्ष भोलाराम नेताम ने बताया कि यह आयोजन का दूसरा वर्ष है, जहां हमारे समूह के द्वारा विशिष्ट जनों व सेवा निवृत्त लोगों व समाज सेवियों सहित लगभग 40 लोगों का सम्मान किया जाएगा।

### किसानों ने अब तक बेचा 1203.75 करोड़ का धान

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 162 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 01 लाख 18 हजार 933 किसानों द्वारा कुल 05 लाख 49 हजार 689 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 1203 करोड़ 75 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 04 लाख 59 हजार 30 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 03 लाख 27 हजार 384 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 02 लाख 22 हजार 305 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5298 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 22 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

**कार्यक्रम:** ग्राम ठेकवाडीह में धूमधाम से मनाया गया सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा का वार्षिकोत्सव

# विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का मन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर


मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा का वार्षिकोत्सव ग्राम ठेकवाडीह के कलामंच में आयोजित किया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच भारती मरकाम ने कहा कि छोटे छोटे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहक होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार जरुरी है। ग्राम पटेल भीखू राम साहू ने कहा कि स्कूल में छोटे-छोटे बच्चे पढ़ते हैं, जहां शिक्षक उन्हें शिक्षा देने के साथ ही संस्कार भी देते हैं। इससे बच्चे अपने साथ-साथ माता पिता और शिक्षकों का नाम रोशन करते हैं। जिला समन्वयक बालोद दीपक हिरवानी ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर सागर है, भैय्या बहन एक कच्ची मिट्टी की तरह कोमल हैं। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष नोहर साहू ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य है, बच्चों संवारने की जरुरत है। कार्यक्रम में ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष मदनमोहन साहू, दुलार साहू, प्रेमलाल साहू, सचिव पूर्णिमा साहू, उसमनी साहू, उपसरपंच किरण यादव, कविता साहू, केसरी साहू अतिथि के रुप मे शामिल थे। बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। ग्रामीणों ने खूब आनंद उठाये। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ बालोद जयंत साहू, सह संयोजक हीरामन सिह, प्राधानाचार्य फलदेव साहू, वरिष्ठ आचार्य सुखित कलिहारी, कामता साहू, मनोहर साहू, देवेन्द्र साहू, नोहरधर सूर्यवंशी, चितेश्वरी साहू, बीना साहू, रंजना सिन्हा, ज्योति सिन्हा, टुमेश्वरी पटेल, लिलेश्वरी साहू, आया घसनीन यादव एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



## 54 पाव शराब के साथ एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

वरिष्ठ अफसरों के निर्देश पर जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चिखलाकसा में एक व्यक्ति को 9.72 लीटर देशी शराब के साथ पकड़ा गया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल किया गया है। सचिव सह आबकारी आयुक्त आर. संगीता के निर्देशानुसार कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा बालोद जिला में शराब के अवैध निर्माण, धारण, विक्रय, परिवहन एवं सार्वजनिक स्थान पर मदिरा पीने–पिलाने वालों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आरोपी अजय कुमार सोनी निवासी वार्ड क्रमांक 12 चिखलाकसा, थाना दल्लीराजहरा के पास से 54 नग पाव देशी मदिरा प्लेन शराब कुल 9.72 लीटर जप्त कर आरोपी को जेल निरुध्द किया गया है।



## विधायक रासेयो के विशेष शिविर में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर ग्राम भोथीपार में समस्त ग्रामवासियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विधायक कुंवर सिंह निषाद, सरपंच जनक बाई साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही भोजराज साहू, उप सरपंच सावत राम साहू, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी संजय शुक्ला, संयोजक युवा प्रकोष्ठ लेखराम साहू, व्याख्याता डीएल साहू, व्याख्याता टीसी मांडवी, प्राचार्य टीएस कोल्हे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में कुंवर सिंह निषाद ने छात्रों के व्यक्तित्व शिक्षा और संस्कार अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा की, साथ ही बेटियों पर कविता पाठ करके कार्यक्रम को सफल बनाया तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। प्राचार्य टीएस कोल्हे ने नशा मुक्ति समाज पर प्रकाश डाला, विशेष अतिथि संजय शुक्ला ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर विस्तार से बताया। सरपंच जनक बाई साहू ने ग्राम विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भूमिका पर जोर दिया, साथ ही विधायक से ग्राम पंचायत के विकास के तहत ग्राम ईरागुड़ा से पायला पहुंच मार्ग जो काफी जर्जर है उसको डामरीकरण करने की मांग की, जिस पर विधायक ने जल्द ही कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया।



## मटिया (ह) ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम परसदा (मोखा) में संगवारी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका समापन समारोह जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रथम मटिया (ह), द्वितीय डोंगीतराई एवं तृतीय स्थान पर नगाडबरी रहे जिसको पुष्पेंद्र चंद्राकर ने नगद राशि व ट्रॉफी से पुरस्कृत कर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने खेल भावना के साथ खेले जाने पर खिलाडियों का ध्यान आकृष्ट कराया और कहा कि टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल आयोजन का

- ग्राम परसदा (मोखा) में संगवारी क्रिकेट क्लब द्वारा किया गया था आयोजन

शानदार समापन हो रहा है। पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कहा प्रतियोगिता में काफी दूर दूर से बहुत से टीमों ने हिस्सा लिया और अपने–अपने खेल माध्यम से प्रदर्शन किया, इसके लिए मैं भाग लिए सभी क्रिकेट टीम के युवा साथियो को बधाई देता हूं कि वे हमारे ग्राम परसदा में आकर अपने खेल का प्रदर्शन किया, जिससे खेल प्रेमियों व ग्रामीणों को क्रिकेट मैच देखने को मिला। आज के समय में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का चलन काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है, आज हर जगह शहर से लेकर गाँव–गाँव तक लगातार टेनिश बाल क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा रहा है, आज हमारे परसदा के युवा साथियो ने एकजुटता का परिचय देते हुए आपसी समरसता व भाई चारे से एक साथ मिलकर एक बढ़िया महौल में क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया है।

उन्होंने विजेता टीमों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान आयोजन समिति के मोहित साहू, धनराज साहू, कोमल साहू, हरदेव मानिकपुरी सहित ग्रामवासियों व खेलप्रेमियों की उपस्थिति रही।

## पेंशनर समाज के अध्यक्ष बने सेवाराम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सेवानिवृत्त प्राचार्य सेवाराम तेजस्वी को तहसील पेंशनर समाज गुरूर का अध्यक्ष चुना गया है। तहसील पेंशनर समाज गुरुर की बैठक पेंशनर भवन में हुई।

बैठक में तीन वर्ष के कार्यकाल हेतु विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन, निर्वाचन अधिकारी टीआर महमल्ला के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्राचार्य सेवाराम तेजस्वी, उपाध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रधान पाठक लीला पंचागम, उपाध्यक्ष सेवानिवृत्त प्राचार्य एमआर. राजपुरिया, कोषाध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रधान पाठक सम्मेराम यादव, सचिव सेवानिवृत्त प्रधान पाठक गांधीराम साहू को बनाया गया है। पूर्व अध्यक्ष तहसील पेंशनर समाज गुरूर नेमसिंह साहू ने बताया बैठक के दौरान विभिन्न प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिसमें वर्ष 2024 की सदस्यता अभियान की शुरूवात की गयी, वर्ष 2024 का वार्षिक बैठक कलैण्डर तैयार किया गया, बर्ष 2023 का आय ब्यय का लेखा प्रस्तुत किया गया, पेंशनर भवन में पेयजल ब्यवस्था हेतु बोरखनन करने व प्रांगण में फशऍकरण करने हेतु पेंशनरों ने आर्थिक सहयोग करने का आश्वासन दिए हैं।

**यात्रा के ग्राम मुड़िया पहुंचने पर लोगों को दी गई जानकारी**

# पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवरीबंगला

शासन की योजनाओं की जानकारी देने निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ गुंडरदेही विधानसभा के ग्राम मुड़िया पहुंचा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य एवं जिला पंचायत के पूर्व सभापति अभिषेक शुक्ला थे।उक्त कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याण कारी योजनाओं, कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई।

विभिन्न विभाग के स्टालों एवं उनकी विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को मिल रहे लाभ के संबंध में बताया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता अभिषेक शुक्ला ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों के उद्देश्यों की पूर्ति ही संकल्प यात्रा की सार्थकता होगी। संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव के अंतिम छोर तक पहुंचाने की दिशा में सार्थक पहल की जा रही है। भाजपा नेता अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर एक मिसाल है, जो हितग्राहियों के लिए योजनाओं का लाभ लेने के लिए मददगार साबित हो रहा है। साथ ही भाजपा नेता अभिषेक शुक्ला ने ग्रामीणजनों को स्वच्छ भारत, विकसित भारत की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर सरपंच भावना नायक,किसान मोर्चा अध्यक्ष चेतन निषाद,पुष्पलता बघेल, भाजपा बूथ अध्यक्ष रोमन साहू,गैनु विश्वकर्मा, टूमन साहू,ईश्वर भुआर्य,दर्शन नायक, भुनेश्वर साहू, रूपदास साहू, श्यामलाल सिन्हा, धीरवाल सिन्हा, देवराज करभाल,नरोत्तम रावटे, गिरधारी साहू,रेवती बाई साहू,रूपा देवी बढई,गायत्री करभाल, चमेली बर्सेल,मन्थिरा विश्वकर्मा, भोजबाई,दुर्गा नायक,चम्पा चनाप सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन, विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### विधानसभास्तरीय समीक्षा बैठक में जुटे भाजपा पदाधिकारी



**डौंडी।** भारतीय जनता पार्टी डौंडीलोहारा विधानसभा स्तरीय पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विशेष रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष और बालोद जिले के प्रभारी मधुसूदन यादव, विधानसभा प्रभारी राजेश ताम्रकार, जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, जिला महामंत्री किशोरी साहू, जिला मंत्री जयेश ठाकुर, डौण्डी मंडल के अध्यक्ष मनिष झा सहित तीनों मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ग्राम महामाया में निकाली गई अक्षत कलश शोभायात्रा



**डौंडी।** ग्राम महामाया में अक्षत कलश के साथ शोभायात्रा निकाली गई। अक्षत कलश सुभाष चौक स्थित हनुमान मंदिर में रखा गया था। महिलाओं ने कलश शोभा यात्रा निकाल कर गांव का भ्रमण किया। भगवा ध्वज लेकर लोग रैली में शामिल हुए। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में महामाया मंदिर में पूजा-अर्जना भजन के साथ भंडारा का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर राजेंद्र चतुर्वेदी, नरेंद्र साहू, अजय चतुर्वेदी, सुभाष शर्मा, जनक देवांगन, मनोज कौशल,चंद्रभान,विजय वैश्णव,देवीसीह,मोहन लाल,दिनेश त्रिपाठी सहित अन्य ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### विधायक ललित से सौजन्य मुलाक़ात



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के निजी निवास मोहन नगर गणपति मंदिर दुर्ग में सुशील कुमार सामाजिक कार्यकर्ता, कृष्ण कुमार यादव, गोपाल यादव युवा नेता ने सौजन्य मुलाक़ात की। इस दौरान विधानसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी होने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही महामाया पब्लिक स्कूल में 13 जनवरी को आयोजित वार्षिक उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। विधायक श्री चंद्राकर ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए अपनी उपस्थिति प्रदान करने की स्वीकृति दी।

### क्रिकेट बना लोकप्रिय खेल



**डौंडीलोहारा।** ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता ग्राम पंचायत मंगचुवा में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रतिनिधि अनिल लोढ़ा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि खेल स्वस्थ रहने के लिए अच्छा माध्यम है। क्रिकेट का खेल बहुत तीव्र गति से लोकप्रिय खेलों में शुमार है। आईपीएल क्रिकेट प्रदेश और देश में भारत का सबसे लोकप्रिय खेल बन गया है। खेल के माध्यम से भी देश में नामी गिरामी हस्तियों का उदय हुआ है। युवाओं को भविष्य मूलक खेलों पर ध्यान लगाकर खेलने की जरूरत है।

### अयोध्या से आए अक्षत का घर-घर हो रहा वितरण



**गुण्डरदेही।** अयोध्या राम जन्मभूमि तीर्थ की ओर से आए पूजित अक्षत कलश व आमंत्रण को घर-घर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए भाजपा मंडल महामंत्री सौरभ चोपड़ा व सतीश महोबिया को राम काज हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है। सबसे पहले नगर की शीतला माता एवं चंडी माता को आमंत्रण व अक्षत अर्पित कर गुण्डरदेही में अक्षत निमंत्रण पत्र वितरण शुरु किया गया। सौरभ चोपड़ा ने बताया कि 22 जनवरी को पूरे नगरवासी दीवाली मनाने के लिए उत्सुक है। जिसकी तैयारी में राम भक्त अपने-अपने घर में लगे हुए हैं। रामकाज हेतु सभी अपने घर पर 21 व 51 दीपक जलाने की तैयारी कर रहे है। उन्होने आगे बताया कि 22 जनवरी को बड़े राम मंदिर में सुबह हवन, पूजन, भंडारा का आयोजन होगा, साथ ही लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के द्वारा व शाम को हरी कीर्तन भूपेंद्र पांडे के द्वारा किया जाएगा।

